देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 55 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**
मकसद अतिक्रमण को हटाना




# पेज श्री

देहरादून, रविवार, 29 मई 2022




मौसम अधिकतम 34.0° न्यूनतम 24.0° | 40243.38 | **2** लुहान्स्क के गवर्नर का दावा | **7** आरसीबी को हराने के बाद संजू गदगद

# यूपी की तरह उत्तराखंड में भी चलेगा बुलडोजर

## सीएम योगी आदित्यनाथ के उत्तराखंड रोड शो में भी बुलडोजर

**संवाददाता**

देहरादून। चंपावत विधानसभा उपचुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का प्रचार गरमाने के लिए शनिवार को उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। टनकपुर में सीएम धामी के समर्थन में रोड शो करने के बाद सीएम योगी सहित तमाम भाजपा नेता जनसभा स्थल पहुंचे।

जनसभा स्थल पर पहुंचते ही लोगों ने योगी-योगी के नारे लगाने शुरू किए। मुख्यमंत्री धामी के चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे सीएम योगी के रोड शो के दौरान बुलडोजर फिर छाया रहा। सीएम योगी ने भी लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम धामी ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का स्वागत व आभार व्यक्त किया। सीएम धामी ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व और जनता के आशीर्वाद से मुझे दोबारा देवभूमि की सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यूपी में हम हर दिन अपराध की खबरें सुनते थे, लेकिन सीएम योगी आदित्यनाथ ने ऐसा बुलडोजर चलाया कि अपराधी अब कांपते हैं। कहा कि हर गलत काम पर सीएम योगी का बुल्डोजर चलता है। धामी ने कहा कि यूपी की तरह उत्तराखंड में भी बुलडोजर चलेगा और महाराज के बुल्डोजर का असर उत्तराखंड में भी होगा। सीएम ने चंपावत की जनता से 31 मई को भारी संख्या में मतदान करने के लिए मतदान स्थल तक पहुंचने की अपील की।

**उत्तराखंड के विकास का नेतृत्व अब चंपावत करता दिखाई देगा**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चंपावत की जनता को अपना मुख्यमंत्री चुनने का सौभाग्य मिल रहा है। कहा कि उत्तराखंड के विकास का नेतृत्व अब चंपावत करता दिखाई देगा। सीएम धामी की जीत से यहां के लोग एक नया इतिहास लिखेंगे। उन्होंने जनता से 31 मई को भारी मतों से सीएम धामी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। साथ ही लोगों से संकल्प कराते हुए नारा दिया कि पहले मतदान फिर जलपान। इसी के साथ उन्होंने अपना संबोधन खत्म किया।



### सीएम व मंत्रियों ने युवाओं में भरा जोश

सीएम योगी के पहुंचने से पूर्व सीएम धामी ने मल्लिकार्जुन स्कूल में युवा सम्मेलन को संबोधित किया। इसमें धामी, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास व निवर्तमान विधायक कैलाश गहतोड़ी जी द्वारा एबीवीपी के युवाओं में जोश भरा। उन्हें युवाओं को भाजपा से जोड़ने को प्रेरित किया।

### प्रशासन रहा सतर्क

टनकपुर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन से पूर्व ही गांधी मैदान में भीड़ जुटना शुरू हो गई है। 10 बजे से ही गांधी ग्राउंड में लोगों का आना शुरू हो गया है। उनकी सुरक्षा के भी कड़े बंदोबस्त किए गए हैं।

### सीएम धामी चुनाव जीतेंगे इस पर कोई संदेह नहीं: योगी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले देवभूमि को नमन किया। कहा कि मां पूर्णागिरी का आशीर्वाद इस बार सीएम धामी को मिलेगा। योगी ने कहा कि चंपावत की जनता के पास इस बार एक बड़ा अवसर है। इस क्षेत्र के विकास के लिए यहां की जनता को सीएम धामी को अपना समर्थन देना होगा। कहा कि देवभूमि का विकास आज हर कोई देख रहा है। चारधाम यात्रा के लिए पूरे देश से श्रद्धालु उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि धामी चुनाव जीतेंगे इस बात पर कोई संदेह नहीं है, लेकिन जब तक सफलता हाथ में न आ जाए तब तक हमारा प्रयास जारी रहना चाहिए। राज्य जल्द ही अपने गठन के 25 साल पूरे करेगा। अब उनकी पूर्ति होगी मुख्यमंत्री धामी पूरी करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### केदारनाथ में चार यात्रियों की हृदय गति रुकने से मौत

**संवाददाता**

देहरादून। चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की सांस अटकने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रोजाना तीन से चार श्रद्धालु हृदयाघात से दम तोड़ रहे हैं। शनिवार को केदारनाथ में चार यात्रियों की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। वहीं अब तक केदारनाथ में 47 यात्रियों की मौत हो चुकी है। 26 दिन की चारधाम यात्रा में अब तक कुल 102 श्रद्धालुओं ने हृदयाघात से दम तोड़ा है।

### पांडवशेरा ट्रैक पर सात ट्रैकरों का दल लापता

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में पांडवशेरा ट्रेक पर निकला सात सदस्यीय ट्रैकरों का दल लापता हो गया है। ट्रैकर में तीन मीडियाकर्मी व चार गाइड बताए जा रहे हैं। एसडीआरएफ के अनुसार दल 21 मई को ट्रैक पर निकला था। ट्रैकर्स से फिलहाल कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है।

# 8 सालों में ऐसा कुछ नहीं किया जिससे सिर झुकाना पड़े

## पीएम मोदी राजकोट में एक जनसभा को किया संबोधित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजकोट के अटकोट में नवनिर्मित मातुश्री केडीपी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल उद्घाटन किया। ये अस्पताल 40 करोड़ की लागत से बना है। इस मौके पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि खुशी है कि नवनिर्मित मातुश्री केडीपी मल्टीस्पेश्यालिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ हुआ। जनता जुड़ती है तो सेवा की शक्ति बढ़ जाती है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज गुजरात की धरती पर आया हूं तो मैं सिर झुकाकर गुजरात के सभी नागरिकों का आदर करना चाहता हूं। आपने मुझे जो संस्कार और शिक्षा दी, समाज के लिए जीने की बातें बताई, उसकी बदौलत मैंने मातृभूमि की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी। मैंने किसी का सिर नहीं झुकने दिया।

पीएम मोदी ने कहा कि 2001 से पहले यहां केवल 9 मेडिकल कॉलेज में सिर्फ 1100 सीटें थीं। आज आपको ये जानकर खुशी होगी कि अब यहां कुल 30 निजी और सरकारी मेडिकल कॉलेज हैं और 8 हजार सीटें हैं। हम हर जिले में मेडिकल कॉलेज बनाना चाहते हैं। पीएम ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के माता-पिता भी चाहते हैं कि उनके बच्चे डॉक्टर बनें। लेकिन सबसे पहले एक बात पूछी जाती है कि क्या आप अंग्रेजी जानते हैं, यह अन्याय है। फिर हमने नियम बदल दिए और अब गुजराती शिक्षा पृष्ठभूमि के छात्र भी इंजीनियरिंग और मेडिकल पूरी कर सकते हैं।26 मई को एनडीए सरकार ने अपने 8 साल पूरे किए हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय के बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी गांधीनगर के महात्मा मंदिर में शाम चार बजे सहकार से समृद्धि विषय पर सहकारिता संस्थानों के नेताओं के एक सेमिनार को संबोधित किया। प्रधानमंत्री इफको के नैनो यूरिया (लिक्विड) संयंत्र का उद्घाटन भी किया।

### पीएम मोदी इफको नैनो यूरिया संयंत्र का किया उद्घाटन

प्रधानमंत्री मोदी करीब 175 करोड़ रुपये की लागत से गुजरात के कलोल में इफको निर्मित नैनो यूरिया (तरल) संयंत्र का भी उद्घाटन किया। नैनो यूरिया के उपयोग के जरिए फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए एक अल्ट्रामॉडर्न नैनो उर्वरक संयंत्र स्थापित किया गया है। यह संयंत्र प्रतिदिन 500 मिलीलीटर की लगभग 1.5 लाख बोतलों का उत्पादन करेगा।

# अगले पांच दिनों में देश में होगी तेज बारिश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पिछले कई दिनों से मौसम सुहाना होने के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर में शनिवार को लोग भीषण गर्मी से परेशान हैं। मौसम विभाग ने कहा कि अगले 5 दिनों के दौरान पूरे देश में लू चलने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को कहा कि अगले 2-3 दिनों के दौरान केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत के लिए परिस्थितियां अनुकूल होती जा रही हैं। इसी अवधि के दौरान अरब सागर और लक्षद्वीप क्षेत्र के कुछ और हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां पूरी तरह से अनुकूल हैं।

मौसम विभाग ने अपने ताजा बुलेटिन में बताया कि अगले 2 से 3 दिनों के दौरान उत्तराखंड, उत्तरी पंजाब, उत्तरी हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में मध्यम बारिश होगी। 28 मई को जम्मू-कश्मीर में और 29 मई को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में ओलावृष्टि की भी संभावना है। मानसून के आगे बढ़ने के साथ ही अगले 5 दिनों के दौरान केरल, माहे और लक्षद्वीप में गरज और बिजली चमकने के साथ बारिश होने की संभावना है। इन पांच दिनों में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल के अलग-अलग हिस्सों में बारिश होने का अलर्ट है।

**देश के इन हिस्सों में चलेगी तेज हवाएं:** मौसम विभाग के अनुसार अगले 5 दिनों के दौरान दक्षिण-पश्चिम अरब सागर में हवा की गति 40-50 किमी प्रति घंटे से 60 किमी प्रति घंटे रहने की संभावना है। 29 और 30 मई को केरल तट और लक्षद्वीप क्षेत्र के साथ दक्षिणपूर्व अरब सागर में भी इसी तरह के हालात बने रहेंगे। 29 मई को पूर्वोत्तर अरब सागर और उससे सटे उत्तरी गुजरात तट पर भी प्रबल रहेगा।

### अलर्ट

- हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में ओलावृष्टि की संभावना


**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# एसडीएम कार्यालय में लगाई कक्षा और करने लगे पढ़ाई

**संवाददाता**

जोशीमठ। जिन बच्चों को क्लास रूम में अपनी पढ़ाई करनी चाहिए, वो स्कूल ड्रेस में सड़कों पर आंदोलन व दफ्तर में प्रदर्शन कर रहे हैं। मामला जोशीमठ राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं के धरने का है। अपने स्कूल को बचाने की मांग लेकर बच्चे शनिवार को एसडीएम कार्यालय में धरने पर बैठ गए। असल में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय का विलय सरकार करने जा रही है, जिसका बच्चे विरोध कर रहे है ।

### स्कूल बंद किए जाने के फरमान से आक्रोशित हुए छात्र-छात्रा

जोशीमठ राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राएं शनिवार सुबह एसडीएम कार्यालय पहुंच गए। उन्होंने यहां पर धरना दिया और कक्षा लगाकर पढ़ाई करने लगे। छात्रों की मांग सुनकर जोशीमठ की एसडीएम कुमकुम जोशी ने छात्र-छात्राओं से चर्चा की।

बताया कि 2014 में उत्तराखंड में चार राजीव गांधी नवोदय विद्यालय खोले गए थे, जिनमें दो कुमाऊं में व दो गढ़वाल में थे। जिनमें सीमांत क्षेत्र के जोशीमठ में बेहतर शिक्षा को लेकर यह आवासीय विद्यालय खोला गया था।

## न्यूज डायरी



### लुहान्स्क के गवर्नर का दावा– क्षेत्र में घुसे रूस के 10 हजार सैनिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध अभी भी जारी है। कई दिनों से चल रहे इस युद्ध में यूक्रेन को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। युद्ध अभी तक किसी नतीजे पर भी नहीं पहुंच सका है। ऐसे में रूस ने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए हैं। लुहान्स्क के गवर्नर सेरही गदाई ने दावा किया है कि रूस के करीब 10 हजार लड़ाके क्षेत्र में घुस गए हैं। सेरही गदाई ने बताया कि रूसी सैनिकों की कई यूनिट स्थायी रूप से लुहान्स्क में हैं। वे लगातार हमला करने की कोशिश कर रहे हैं। रूसी सैनिक क्षेत्र में अपनी बढ़त बनाना चाहते हैं। इससे पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों से रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाने की अपील की। जेलेंस्की ने कहा कि पश्चिमी देश रूस से आंख–मिचौली खेलना बंद करें और उस पर कड़े प्रतिबंध लगाएं जिससे बेमतलब का युद्ध खत्म हो सके। लीमन पर कब्जे को रूसी सेना की बड़ी सफलता माना जा रहा है। पूर्वी यूक्रेन के डोनेस्क और लुहांस्क पर पूर्ण कब्जे के लिए रूसी सेना लगातार हमले कर रही है।

### क्या बगावती तेवर अपनाकर रूस से तेल खरीदेगा पाकिस्तान?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। दुनिया भर के दबाव के बावजूद भारत ने रूस से सस्ता तेल खरीदा है। अब पाकिस्तान भी भारत के नक्शे कदम पर चलना चाहता है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने शुक्रवार को रूस से गेहूं और तेल के आयात से इनकार न करते हुए कहा कि राष्ट्र के हित लिए सभी विकल्प खुले हैं। पीएम मोदी ने दुनिया के दबाव के बावजूद भी रूस से सस्ता क्रूड ऑयल खरीदा है। इमरान खान ने भी कई बार अपनी रैलियों में इस बात का जिक्र करते हुए भारत की तारीफ की है। माना जा रहा है कि इमरान के दबाव और महंगे पेट्रोल के कारण शबहाज शरीफ सरकार बगावती तेवर दिखाते हुए रूस से क्रूड ऑयल खरीद सकती है। पाकिस्तानी विदेश कार्यालय के प्रवक्ता असीम इफ्तिखार ने शुक्रवार को कहा, हमारी नीति स्पष्ट है। जहां भी हर अपने राष्ट्रीय हित देखेंगे उन रास्तों पर चलेंगे।

### अफगान महिलाओं पर प्रतिबंध हटाने के लिए यूएनएससी के आह्वान को किया खारिज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। तालिबान जबसे अफगानिस्तान पर कब्जा किया है, उसका असली चेहरा सबके सामने आ चूका है। महिलाओं के हित, शिक्षा और नौकरी की आजादी की बात करने वाला तालिबान, अब अफगानिस्तान में महिलाओं का जीना दुश्वार कर रखा है। अपने नए–नए प्रतिबंधों में तालिबान सरकार महिलाओं पर कई तरह की पाबंदियां पहले भी लगा चूका है। इन सख्त नियमों के लागू करने पर यूएनएससी ने चिंता व्यक्त की थी। और तालिबान सरकार से महिलाओं पर लगे सभी सख्त कानून हटाने के लिए कहा था। तालिबान लड़ाकों ने यूएनएससी द्वारा अफगान महिलाओं के खिलाफ अपने सख्त कदम उठाने के आह्वान को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया है। अब्दुल कहर बल्खी ने कहा, चूंकि अफगानिस्तान के लोग मुख्य रूप से मुस्लिम हैं, इसलिए अफगान सरकार इस्लामी हिजाब के पालन को समाज की धार्मिक और सांस्कृतिक प्रथाओं के अनुरूप मानती है।

### पाकिस्तान में अभी तक मंकीपाक्स के टेस्ट की नहीं है सुविधा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। दुनिया के कई देशों में मंकीपाक्स का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। भारत समेत कई देश बिना कोई केस के तैयारियों में जुट गए हैं। लेकिन पाकिस्तान में वायरस के नैदानिक परीक्षण तक की कोई सुविधा नहीं है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि देश में अभी तक मंकीपाक्स का कोई मामला सामने नहीं आया है लेकिन प्रकोप की स्थिति में नमूनों को परीक्षण के लिए विदेश भेजा जा सकता है। नेशनल इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ (एनआईएच) इस्लामाबाद ने बताया कि पाकिस्तान में अभी तक मंकीपाक्स का कोई मामला सामने नहीं आया है। मंकीपाक्स के मामलों के बारे में सोशल मीडिया पर चल रही खबरें गलत हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा स्थिति की बारीकी से निगरानी की जा रही है।

# चीन ने सोलोमन से किया क्वाड को चैलेंज तो फिजी ने दिखाई औकात!


**झटका**

## 10 छोटे देशों के साथ डील करने जा रहा चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। फिजी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के इंडो–पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क में शामिल हो रहा है। वाइट हाउस ने इसकी जानकारी दी। इसी के साथ फिजी चीन के बढ़ते क्षेत्रीय प्रभाव को कम करने के अमेरिकी प्रयासों का हिस्सा बनने वाला पहला प्रशांत द्वीप देश बन गया है। अमेरिका ने यह घोषणा ऐसे समय पर की है जब चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने फिजी सहित प्रशांत द्वीप देशों का व्यापक दौरा शुरू किया है। खबरों के मुताबिक वह 10 क्षेत्रीय देशों का दौरा करने जा रहे हैं कि जिसकी शुरुआत उन्होंने सोलोमन द्वीप से की है।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की खबर के अनुसार फिजी बीजिंग और वाशिंगटन के बीच प्रभाव के मुकाबले में एक तनावपूर्ण मोर्चा बनता जा रहा है। सोलोमन पहुंचे चीनी विदेश मंत्री प्रशांत महासागर में ऑस्ट्रेलिया के बेहद करीब स्थित 10 छोटे–छोटे देशों के साथ सुरक्षा व व्यापार समझौता करने जा



रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया सोलोमन में चीन के दखल को खतरा मानता है। ऐसे में चीन की इस चाल से ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका टेंशन में हैं।

**हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्वतंत्रता को लेकर प्रतिबद्धः** वाइट हाउस ने आईपीईएफ के संस्थापक सदस्य के रूप में फिजी का स्वागत किया है। अमेरिकी नेतृत्व वाले इस समूह में अब पूर्वोत्तर और दक्षिण पूर्व एशिया, दक्षिण एशिया, ओशिनिया और प्रशांत द्वीप समूह के देश शामिल हो गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में फिजी के अहम योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने एक बयान में कहा, पूरी दुनिया में, हम एक स्वतंत्र, खुले और समृद्ध हिंद–प्रशांत क्षेत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को लेकर एकजुट हैं।

**भू-राजनीतिक शतरंज की बिसात न बने एशिया-प्रशांतः** उन्होंने कहा कि फिजी के जुड़ने से आईपीईएफ अब हिंद–प्रशांत क्षेत्र की क्षेत्रीय विविधता का प्रतिनिधित्व करता है। बाइडन ने राष्ट्रपति के तौर पर अपनी पहली एशिया यात्रा के दौरान इस हफ्ते की शुरुआत में आईपीईएफ की शुरुआत की थी। फिजी इस समूह में शामिल होने वाला 14वां देश है जिसमें चीन शामिल नहीं है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन से जब फिजी के आईपीईएफ में शामिल होने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पत्रकारों से कहा, एशिया–प्रशांत क्षेत्र को भू–राजनीतिक शतरंज की बिसात नहीं बनना चाहिए।

**क्या है आईपीईएफ?:** अमेरिका के नेतृत्व में बना आईपीईएफ वैश्विक जीडीपी के 40 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है जिसमें एक दर्जन से अधिक देश शामिल हैं। कुछ विश्लेषक इसे क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए एक कदम के रूप में देखते हैं। सोमवार को भारत भी इस इकोनॉमिक ग्रुप का हिस्सा बन गया। इसमें ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, भारत, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं।

## बाढ़ के बाद अफ्रीकी द्वीप पर फैल रहा रहस्यमय वायरस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** साओ टोमे। अफ्रीकी द्वीप राष्ट्र साओ टोमे एंड प्रिंसिपे में पहली बार रहस्यमय डेंगू बुखार तेजी से फैल रहा है जिसे लेकर स्वास्थ्य अधिकारी चिंतित हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 15 अप्रैल से 17 मई तक, एक महीने में 100 से अधिक मामले दर्ज किए हैं। लेकिन संभवतः आंकड़ों को कम करके आंका जा रहा है। फिलहाल किसी की मौत दर्ज नहीं की गई है लेकिन रिस्पॉन्स प्लान तैयार कर लिया गया है।

डेंगू बुखार फ्लू जैसी एक गंभीर बीमारी है जो एडीज मच्छरों के फैलाए संक्रमण से होती है। मिरर की खबर के अनुसार डब्ल्यूएचओ ने बीमारी फैलने के नेशनल रिस्क को श्हाईश कहा है क्योंकि पिछले साल दिसंबर से भारी बारिश और बाढ़ के चलते मच्छरों के पनपने के लिए अनुकूल वातावरण पैदा हुआ है। साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों में स्वच्छता और वाटर मैनेजमेंट की खराब व्यवस्था भी बीमारी को बढ़ा सकती है।

डेंगू का प्रकोप ऐसे समय पर फैल रहा है जब देश पहले से कोरोना वायरस, मलेरिया और डायरिया जैसी मुश्किलों का सामना कर रहा है। डब्ल्यूएचओ ने एक बयान में कहा कि दर्ज किए गए मामलों को संभवतः कम करके आंका जा रहा है क्योंकि डेंगू के ज्यादातर मामले लक्षणहीन हैं।



**रामायण के अग्निबाण जैसा है पुतिन का थर्मोबेरिक बम!**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। यूक्रेन ने रूस पर एक बार फिर खतरनाक थर्मोबेरिक बम के इस्तेमाल का आरोप लगाया है। यूक्रेन का आरोप है कि रूस ने TOS-1 रॉकेट लॉन्चर के जरिए इस बम से हमला किया है। पूर्वी यूक्रेन के डोनाबस के लेमीन इलाके में बड़े पैमाने पर इस धमाके की चपेट में लोग आए हैं। ऐसे में ये सवाल उठता है कि आखिर ये थर्मोपबेरिक बम भला क्या बला है? थर्मोबेरिक हथियार आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले पारंपरिक हथियारों से बहुत ज्यादा खतरनाक होते हैं। इन्हें वैक्यूम बम, एयरोसोल बम या फ्यूल एयर बम के नाम से भी जाना जाता है। ये बम जहां भी फटते हैं वहां बड़ी तबाही मचाते हैं। आसपास की ऑक्सीजन को ये जला देते हैं।

## यूक्रेन को हथियार भेज कर रेड लाइन पार न करें अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कीव। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध लगातार जारी है। रूस अब एक बार फिर तेजी से यूक्रेन पर हमला कर रहा है। यूक्रेन ने कहा है कि रूस ने उस पर थर्मोबेरिक बम से हमला किया है। इसी के साथ उसने NATO देशों से कहा है कि उसे भी इसी तरह के हथियार दिए जाएं। लेकिन इसी बीच रूस ने अमेरिका को धमकी दी है। रूस के सरकारी मीडिया की ओर से कहा गया है कि अगर अमेरिका ने यूक्रेन को लंबी दूरी के रॉकेट या तोप भेजे तो वह रेड लाइन क्रॉस करेगा। रूसी मीडिया ने कहा कि इससे काफी गंभीर परिणाम हो सकते

**रूस ने फिर अमेरिका को दी धमकी**

हैं। ये धमकी ओल्गा स्केबेयेवा ने दी, जो रूसी मीडिया का एक जाना–माना चेहरा हैं। उनकी ये धमकी तब आई है जब एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन अगले हफ्ते यूक्रेन को हथियारों की एक और शिपमेंट भेजने की घोषणा कर सकते हैं। इस शिपमेंट में कई लॉन्ग रेंज मिसाइल और आर्टिलरी भेजी जाएगी। यूक्रेन को डोनबास क्षेत्र में रूस ने भारी नुकसान पहुंचाया है। यूक्रेन की सेना इस कारण पीछे भी हट गई है। यूक्रेन ने इसी तरह के हथियार मांगे थे। स्केबेयेवा ने कहा कि अगर अमेरिका ऐसा कुछ करता है तो वे सीधे तौर पर लाल रेखा क्रॉस करेंगे। रूस को भड़काने पर किस तरह की प्रतिक्रिया आती है सभी जानते हैं। इस बात को लेकर चिंता जताई जा रही है कि अगर युद्ध ज्यादा बढ़ता है तो अमेरिका कहां तक यूक्रेन की मदद करेगा। इसके साथ सबसे बड़ी चिंता ये है कि अगर अमेरिका की तरफ से हथियार दिए जाते हैं तो यूक्रेन इनका इस्तेमाल देश में मौजूद रूसी सैनिकों के खिलाफ करेगा या फिर रूस पर हमला करने के लिए करेगा।

**ये हथियार यूक्रेन भेज सकता है अमेरिकाः** अमेरिका यूक्रेन में खास दो हथियारों को भेज सकता है। इसमें M270 MLRS और M142 HIMARS हैं।

## नॉर्वे के इलाके में घुस रहे थे रूसी लड़ाकू विमान!


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हेल्सिंकी। यूक्रेन युद्ध के बीच फिनलैंड और स्वीडन ने नाटो में शामिल होने की घोषणा करके क्रेमलिन को चौंका दिया है। इसके बाद से ही नॉर्डिक देशों और रूस के बीच तनाव बढ़ रहा है। नाटो के लड़ाकू विमानों ने नॉर्वे और फिनलैंड की सीमा के पास दो रूसी विमानों को खदेड़ दिया जो कथित तौर पर क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे थे। नॉर्वेजियन वायु सेना ने गुरुवार को अपने हवाई क्षेत्र के पास एक मिकोयान मिग–31 फॉक्सहाउंड और एक सुखोई एसयू–24 फेंसर जेट को रोका। द सन की खबर के अनुसार 18 मई को फिनलैंड ने नाटो सदस्यता के लिए औपचारिक तौर पर अप्लाई कर दिया था। वहीं स्वीडन ने भी स्पष्ट कर दिया है कि वह सैन्य गठबंधन में शामिल होने का इच्छुक है। फिनलैंड और रूस के बीच लंबी भू सीमा है और अगर फिनलैंड नाटो में शामिल होता है तो रूस के साथ पश्चिमी सैन्य गठबंधन की सीमा दोगुनी हो जाएगी। इससे पहले रूस ने चेतावनी देते हुए कहा था कि उसे जवाबी कार्रवाई के रूप में सैन्य कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# अधिकारी आते है चक्कर मारकर दुबारा लौटते तक नहीं

**जिम्मेदार कौन**

## पुल की मरम्मत न होने से गांव के डेढ़ सौ परिवार मुसीबत में

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

कार्यालय पिथौरागढ़। रामगंगा नदी पर बना झूला पुल विगत तीन साल से खतरे की मार झेल रहा है। आलम यह है कि गांव के ग्रमीणों को अब तक पुल की मरम्मत कराने के नाम पर महज कोरे व खोखले आश्वासन मिल रहे है। अधिकारी आते है चक्कर मारकर दुबारा लौटते तक नहीं है।

जानकारी के मुताबिक नौ हजार फीट की उंचाई पर सिथित नामिक गांव में अब तक सड़क नहीं पहुंची है। आलम यह है कि पिथौरागढ़ और बागेश्वर को जोड़ने के लिए बना पुल विगत तीन साल से पूरी तरह से खतरे की जद में आ चुका है। लंबे अर्से से गांव के ग्रमीण पुल की मरम्मत कराने को कई बार मांग भी कर चुके है। मगर उनकी आज तक अनदेखी की गई। अब जहां



मानसून काल सिर पर है। वही गांव के ग्रमीणों की मुश्किले दिन रात और भी ज्यादा बढ़ने लगी है। पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने पर नामिक में टापू बनने के ज्यादा आसार नजर आने लगे है। बागेश्वर सीमा पर नामिक ग्लेशियर के निकट पर नामिक गांव स्थित है। नामिक गांव में अब तक सड़क नही पहुंचने से गांव के ग्रमीण सात से नौ किमी की पैदल खड़ी चढ़ाई पार इस पुल से आवाजाही कर अपने गांव पहुंचते है। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ से नामिक गांव की दूरी लगभग सताइस किमी के आसपास है। पिथौरागढ ओर बागेश्वर जिले की सीमा रामगंगा नदी बनाती है। नदी ओर पल के बीच भू कटाव के होने से वर्तमान में पुल से आवाजाही करने में लोग खासा परेशानी महसूस कर रहे है। ऐसे में ग्रमीणों की मजबूरी है कि वाया बागेश्वर से लंबी दूरी तय कर सीमांत तहसील मुंसयाारी व जिला मुख्यालय पिथौरागढ़ आने में खासी दिक्कतों से दो चार होना पड़ रहा है।

गांव की ग्रम प्रधान ने डीएम पिथौरागढ़ डॉ. आशीष चौहान को इस बारे में अवगत करा दिया गया है। जिलाधिकारी ने संबधित महकमें को इस पुल की दशा सुधारने के लिए आदेश जारी कर दिये है।

## न्यूज डायरी

### नवीन कलक्ट्रेट को जाने के लिए रोपवे पर हो विचार

**संवाददाता** अल्मोड़ा। कलक्ट्रेट के सभी कार्यालयों को पांडेखोला नवीन कलक्ट्रेट में स्थानंतरित करने से आम नागरिकों को भारी समस्याएं झेलनी पड़ रही है। पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि इससे धन और समय की बर्बादी हो रही है। लोगों की दिक्कतों को दूर करने के लिए आवागमन को वाहन बढ़ाया जाए। शासन–प्रशासन को बाजार से कलक्ट्रेट तक जाने के लिए रोपवे जैसी व्यवस्था पर विचार करने की जरूरत है। वहीं मल्ला महल संरक्षण कार्यों की अनियमितताओं के संबंध में कार्रवाई समिति को अब तक जानकारी तक नहीं दी गई है। वार्ता में पालिकाध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने मल्ला महल के नाम से प्रसिद्ध अल्मोड़ा के पुराने कलक्ट्रेट परिसर से कलक्ट्रेट, तहसील आदि कार्यालय पांडेखोला नवीन कलक्ट्रेट भवन में स्थानांतरित कर दिए हैं।

### अखंड सुहाग के लिए आज मनाया जाएगा वट सावित्री व्रत

**संवाददाता** हरिद्वार। वट सावित्री व्रत रविवार को मनाया जाएगा। अखंड सुहाग की रक्षा के लिए सुहागिन वट वृक्ष के नीचे सावित्री और सत्यवान की मूर्ति रखकर विधि–विधान से पूजा करेंगी। वट वृक्ष पर जल चढ़ाने के अलावा कच्चे सूत से वट के वृक्ष की सात बार परिक्रमा करते हुए बांधने का विधान है। श्री गंगा सभा विद्वत परिषद एवं कर्मकांड समिति के सचिव पंडित अमित शास्त्री ने बताया कि ज्येष्ठ अमावस्या को किया जाने वाला वट सावित्री व्रत सनातन संस्कृति में दांपत्य जीवन के प्रति अगाध श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है। इस व्रत का संबंध देवी सावित्री से है। जिन्होंने अपने पतिव्रत्य और दृढ़ प्रतिज्ञा के प्रभाव से यमद्वार पर गए पति को सकुशल लौटाया था। व्रत चतुर्दशी विद्धा अमावस्या के दिन किया जाता हैं।

### अवैध खनन में लिप्त नौ ट्राले पकड़े, सीज

**संवाददाता** बाजपुर। वन विभाग की चार टीमों ने अलग–अलग स्थानों पर छापेमारी कर अवैध खनन में लिप्त 10 ट्राले पकड़कर सीज कर दिया है। इन पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर के डीएफओ बलवंत शाही, एसडीओ शिशुपाल रावत, रामनगर वन रेंजर देवेंद्र रजबार व आमपोखर वन रेंजर विपिन डिमरी की अगुवाई में गठित 16 सदस्यीय वन कर्मियों की चार टीमों ने शनिवार की तड़के करीब चार बजे अलग–अलग स्थानों पर छापेमारी करते हुए वाहनों की जांच की। इस दौरान कुल 10 वाहन अवैध खनन में लिप्त मिले। इसमें छह वाहनों की रायल्टी में 50 क्विंटल उपखनिज अंकित था, जबकि मौके पर आठ गुना अधिक उपखनिज मिला। चार वाहनों में बिना रायल्टी के उपखनिज का अभिवहन करते हुए पाया गया है।

## पुलिसकर्मी की बर्बर पिटाई किए जाने पर उक्रांद ने व्यक्त किया आक्रोश

**संवाददाता** देहरादून। यूकेडी केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा कि पुलिसकर्मी की उन्हीं के उच्चाधिकारियों द्वारा बर्बर पिटाई किए जाने की शिकायत केंद्रीय गृहमंत्री और पुलिस शिकायत प्राधिकरण और मानवाधिकार आयोग से की जा रही है और जब तक पीड़ित को न्याय नहीं मिल जाता और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होती, तब तक उत्तराखंड क्रांति दल चुप नहीं बैठेगा।

यूकेडी नेता शिव प्रसाद सेमवाल ने पीड़ित दीपक उप्रेती द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर और उच्चाधिकारियों को भेजी गई शिकायत तथा मेडिकल रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि उधम सिंह नगर के पुलिस विभाग में दीपक उप्रेती एक फोर्थ क्लास कुक के पद पर कार्यरत है।

दीपक उप्रेती ने अपनी पत्नी के बीमार होने का हवाला देते हुए छुट्टी मांगी तो उन्हें डीजीपी की पत्नी के बंगले पर भोजन बनाने के लिए कहा गया। पत्नी को डाक्टर को दिखाने के लिए जाने की बात कहने पर प्रतिसार निरीक्षक वेद प्रकाश भट्ट और स्टोर मुंशी अकरम, तथा दीवान आदि ने अवकाश देने के बजाय उक्त पुलिस अधिकारियों ने दीपक उप्रेती की बंगले पर ही ले जाकर बुरी तरह पिटाई कर दी।

उप्रेती ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी 18 मई को इसकी शिकायत की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। उल्टा दीपक उप्रेती का अप्रैल माह का वेतन रोक दिया गया।



## तीर्थयात्रियों की बस सुरक्षा दीवार से टकराई, कई घायल

**संवाददाता** रूद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग–गौरीकुंड हाईवे पर मेदनपुर स्लाइडिंग जोन के पास केदारनाथ धाम दर्शन से लौट रहे यात्रियों से भरी बस सुरक्षा दीवार से टकरा गई। हादसे में बस चालक बेहोश हो गया। जबकि कई यात्री घायल हो गए। बस में चालक समेत 28 यात्री सवार थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया है। शनिवार सुबह 10 बजे के करीब रुद्रप्रयाग–गौरीकुंड हाईवे के मेदनपुर स्लाइडिंग जोन के पास एक बस दीवार से टकरा गई। घटना के बाद चालक जहां बेहोश हो गया, वहीं कुछ यात्री घायल हो गये।

## गणेश गोदियाल बोले कुछ पाने के लिये सकारात्मक सनक जरुरी

### राठ महाविद्यालय में आयोजित हुआ एक दिवसीय पूर्व छात्र सम्मेलन

**संवाददाता** पौड़ी। राठ महाविद्यालय पैठाणी में पूर्व छात्र सम्मलेन रंगारंग कार्यक्रम के साथ आयोजित किया गया। महाविद्यालय के सभागार में आयोजित पूर्व छात्र सम्मलेन में प्रदेश भर से आये अनेक पूर्व छात्र–छात्राओं ने अपने अनुभवों को साझा किया। राठ महाविद्यालय में अध्ययन के दौरान बिताए गए क्षणों को याद करते हुए कई छात्र–छात्रायें भावुक भी नजर आये। वहीं कई छात्रों ने अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन के लिये महाविद्यालय के अनेक शिक्षको व कर्मियों को व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

कालेज के संस्थापक गणेश गोदियाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अपने भाषण में गणेश गोदियाल नें पूर्व छात्रों की उपलब्धियों पर बधाई और शुभकामनायें प्रेषित कीं। नए विद्यार्थियों को कठिनतम परिश्रम व सकारात्मक सनक पैदा करने की जरुरत बताते हुए, श्री गोदियाल ने कहा की जब तक आपको लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाता तब तक आप निसंकोच परिश्रम करते रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 जीतेन्द्र कुमार नेगी ने कहा जिन विषम परिस्थितियों में महाविद्यालय ने काम करना शुरू किया उससे मुकाबला करना आसान नहीं था, किन्तु हजारों छात्रो व् स्टाफ कर्मियो की मेहनत की बदौलत ही यह संस्थान आज ब्रांड बनने की दिशा में अग्रसर है। छात्र–छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना और स्वागत गीत के बाद अनेक रंगारंग मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। जिसने सभागार हाल उपस्थित छात्र–छात्राओं व अतिथियों को देर शाम तक बांधे रखने पर मजबूर कर दिया।

बीएड की छात्रा अदिति थपलियाल, सुनीता द्वारा प्रस्तुत एकल नृत्य, छात्र मितेश तोमर के संयोजन में जौनसारी लोकनृत्य प्रियंका व साथियों के कुमाउँनी झोडे की प्रस्तुतियों से सभागार हाल तालियों से गूंज उठा, वहीं बी0ए0 के छात्र देवी प्रसाद नौडियाल व पूजा रौथाण के युगल गीत को खूब सराहा गया।

## सड़क हादसे में अग्निशमन कर्मचारी की मौत

**संवाददाता** हल्द्वानी। फायर सर्विस में तैनात अग्निशमन कर्मी की सड़क हादसे में मौत हो गई है। जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा कि हल्द्वानी फायर सर्विस में तैनात नितिन सिंह राणा बीती देर रात कार से अपने दो रिश्तेदारों को घर छोड़ने जा रहे थे। इसी दौरान उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। घटना में दमकल कर्मी नितिन सिंह राणा की मौत हो गई है। जबकि कार सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों का इलाज हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में चल रहा है। वहीं जवान की मौत के बाद पुलिस महकमे में शोक की लहर है। नितिन सिंह राणा मूल रूप से नानकमत्ता के रहने वाले थे और हल्द्वानी फायर सर्विस में तैनात थे।

परछाई कभी साथ नहीं छोड़ती और आईना कभी झूठ नहीं बोलता।-अज्ञात।





पेज थ्री
www.page3news.in


# डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट से उठे सवाल

**डब्ल्यूएचओ की इस रिपोर्ट में टियर वन देशों के मामले में वहां की सरकारों द्वारा दिए गए आधिकारिक आंकड़ों को आधार बनाया गया है, जबकि भारत के 18 राज्यों में गैरसरकारी आंकड़ों को लिया गया है। आखिर इस तरह का दोहरा रवैया अपनाने की जरूरत क्या थी।**

अमन सिंह।।

भारत में कोरोना से हुई मौतों की संख्या को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के ताजा अनुमान ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। वैसे डब्ल्यूएचओ की तरफ से अभी आधिकारिक तौर पर यह रिपोर्ट जारी नहीं की गई है, लेकिन एक अमेरिकी अखबार में इसका कुछ हिस्सा प्रकाशित होने से मामला गरमा गया है। कांग्रेस ने इसी रिपोर्ट को आधार बनाते हुए सरकार पर मौत के आंकड़े छुपाने का आरोप जड़ने में देर नहीं लगाई।

हालांकि भारत सरकार की ओर से जताई गई आपत्तियों पर गौर करें तो लगता है कि इस रिपोर्ट से जुड़े कई पहलुओं पर रोशनी पड़नी बाकी है और डब्ल्यूएचओ को अभी कई महत्वपूर्ण सवालों के जवाब देने हैं। मिसाल के लिए, पहला सवाल तो यही है कि भारत जैसे विशाल भौगोलिक क्षेत्र और बड़ी आबादी वाले देश पर ठीक वही मानदंड कैसे लागू किए जा सकते हैं, जो ट्यूनीशिया जैसे कम क्षेत्रफल और छोटी आबादी वाले देश पर लागू किए गए हों। क्या समान मानदंडों के आधार पर निकाले गए निष्कर्षों के सरलीकृत होने की आशंका को पूरी तरह खारिज किया जा सकता है? दूसरा सवाल आंकड़ों की प्रामाणिकता से जुड़ा है। डब्ल्यूएचओ की इस रिपोर्ट में टियर वन देशों के मामले में वहां की सरकारों द्वारा दिए गए आधिकारिक आंकड़ों को आधार बनाया गया है, जबकि भारत के 18 राज्यों में गैरसरकारी आंकड़ों को लिया गया है। आखिर इस तरह का दोहरा रवैया अपनाने की जरूरत क्या थी। ऐसा भी नहीं है कि भारत सरकार ने ये सवाल रिपोर्ट लीक होने के बाद उठाए हैं।



डब्ल्यूएचओ अधिकारियों को पत्रों के जरिए और वर्चुअल बैठकों के दौरान भी सरकार अपने पक्ष से अवगत कराती रही है। और अगर बात अमेरिकी अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट की हो तो भी यह सवाल तो अपनी जगह है ही कि अखबार को डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के भारत से जुड़े आंकड़े मिल गए तो टियर वन देशों में कोरोना से हुई अतिरिक्त मौत से जुड़े अनुमान उसकी पहुंच से बाहर क्यों रह गए। इन सबके बावजूद भारत डब्ल्यूएचओ रिपोर्ट के निष्कर्षों पर एतराज नहीं कर रहा है। कोरोना महामारी का स्वरूप और उसकी तीव्रता ऐसी थी कि उसके प्रभावों को ठीक–ठीक नापने में सरकारी स्वास्थ्य तंत्र से चूक होना स्वाभाविक है। लेकिन जब बात इन चूकों को देखने, समझने और आंकने की हो तो कम से कम वहां किसी तरह की लापरवाही या पूर्वाग्रह के लिए कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी जानी चाहिए। चूंकि उस आकलन में किसी भी देश के स्वास्थ्य तंत्र के लिए भविष्य के सबक निहित हैं, इसलिए उसका पूरी तरह से विश्वसनीय और पारदर्शी होना आवश्यक है। इसी बिंदु पर विपक्षी दलों से भी थोड़े संयम और समझदारी की उम्मीद की जाती है।

## वैभव की प्राप्ति

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** घर में सकारात्मक ऊर्जा रहने पर परिवार में आर्थिक समृद्धि, सुख, वैभव और अच्छी सेहत मिलती है। वहीं घर में नकारात्मक ऊर्जा होने पर व्यक्ति को आर्थिक हानि, कार्यों में बाधाएं, बीमारियां और परिवार में मतभेद होते रहते हैं। वास्तु के अनुसार अगर घर में किसी भी तरह का वास्तु संबंधी कोई दोष होता है तो व्यक्ति के जीवन में रुकावटें और धन की हानि होती है। जीवन में सुख–समृद्धि और सफलता पाने के लिए वास्तु से जुड़ी हुई बातों का अगर ध्यान देंगे तो जीवन में तरक्की को प्राप्त किया जा सकता है। आइए जानते हैं वास्तु के कुछ आसान उपाय जिसे करने से आपके घर में सुख–समृद्धि और वैभव की प्राप्ति होगी। हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को बहुत ही पूजनीय माना गया है। इसके अलावा वास्तु में भी तुलसी के पौधे का विशेष महत्व होता है।

## संपादकीय

### विशेषाधिकार या संरक्षण

हमने जिस लोकतंत्र को स्वीकार किया है, उसमें जाति और धर्म के आधार पर विशेषाधिकार की बात नहीं है, संरक्षण की बात जरूर है। लेकिन समय के साथ संरक्षण की यह अवधारणा विशेषाधिकार की तरह स्वीकार कर ली गई है। इसीलिए जब भी किसी अपराध और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई होती है, तो उसका राजनीतिक विरोध शुरू हो जाता है। बुलडोजर के शासन मॉडल के विरोध के पीछे भी यही सोच काम कर रही है। लेकिन इस सोच का भी विरोध शुरू हो गया है। इसीलिए बुलडोजर के गवर्नेंस मॉडल की लोक स्वीकार्यता बढ़ रही है। राजनीति में अपने हिसाब से मुद्दों को हवा में उछालने का चलन रहा है। उसी आधार पर धारणाएं बनाई जाती हैं। जहांगीरपुरी मामले में भी ऐसा दिख रहा है। जहांगीरपुरी की मार्केट असोसिएशन ने साल 2021 में दिल्ली हाईकोर्ट में अवैध कब्जे और अतिक्रमण के खिलाफ याचिका दायर की थी। जिसके खिलाफ कार्रवाई के लिए नगर निगम को हाईकोर्ट ने आदेश दिया है। जहांगीरपुरी में 20 अप्रैल को सातवीं बार बुलडोजर की कार्रवाई हुई। इसमें भारी संख्या में पुलिस बल लगाने की वजह रही कि जहां कार्रवाई होनी थी, वह इलाका संवेदनशील है। इसी इलाके में रामनवमी के दिन दंगा हो चुका था। जो इस स्वीकार्यता को नहीं समझ पा रहे हैं, राजनीतिक तौर पर उनके अप्रासंगिक होने का खतरा ज्यादा है।

निश्चित तौर पर चर्चा के इस मॉडल को बढ़ावा देने में आज की राजनीति का बड़ा योगदान है। चूंकि आज की राजनीति का लक्ष्य सिर्फ सत्ता हासिल करना रह गया है, लिहाजा वह अपना हर कदम अपने आधार वोट बैंक के नजरिए से ही उठाती है।

# मकसद अतिक्रमण को हटाना

उमेश चतुर्वेदी।।

इसे लोकप्रियता कहें या चलन, उत्तर प्रदेश से शुरू हुआ गवर्नेंस का बुलडोजर मॉडल उत्तर प्रदेश की सीमाओं को पार कर चुका है। जिस तरह से इसे जनता के एक वर्ग का समर्थन मिल रहा है, उससे लगता नहीं कि इस पर स्थायी ब्रेक लग सकता है। बेशक, राजधानी दिल्ली के जहांगीरपुरी के संदर्भ में राज व्यवस्था के इस औजार पर तत्कालिक ब्रेक लग गया है, लेकिन सुनवाई कर रहे जज ने जिस तरह बचाव पक्ष के वकीलों से सवाल–जवाब किया है, उससे साफ है कि अतिक्रमण की संस्कृति को लेकर न्यायालय भी चिंतित है।

गवर्नेंस का बुलडोजर मॉडल दिल्ली के लिए नया नहीं है। यह संयोग ही है कि जिस अप्रैल महीने में जहांगीरपुरी में बुलडोजर चला, उससे ठीक 46 साल पहले तुर्कमान गेट में भी बुलडोजर ने हजारों लोगों को बेघर किया था। बस तारीख का अंतर है। 46 साल पहले की तारीख 16 अप्रैल थी और 2022 की तारीख 21 अप्रैल रही। 46 साल पहले जब बुलडोजर चला था तो उसके पीछे सौंदर्यीकरण का हवाला दिया गया था, जबकि अब के बुलडोजर का घोषित मकसद अतिक्रमण को हटाना रहा।

दिल्ली में चले बुलडोजर और उस पर सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद बुलडोजर का गवर्नेंस



मॉडल बहस के केंद्र में है। हाल के कुछ वर्षों में हमने जिस तरह का मानस तैयार किया है, उसमें किसी भी विषय पर सम्यक विमर्श की गुंजाइश लगातार कम होती जा रही है। निश्चित तौर पर चर्चा के इस मॉडल को बढ़ावा देने में आज की राजनीति का बड़ा योगदान है। चूंकि आज की राजनीति का लक्ष्य सिर्फ सत्ता हासिल करना रह गया है, लिहाजा वह अपना हर कदम अपने आधार वोट बैंक के नजरिए से ही उठाती है।

कहना न होगा कि चाहे उत्तर प्रदेश हो या मध्य प्रदेश या फिर दिल्ली, बुलडोजर के गवर्नेंस मॉडल की आलोचना और प्रशंसा अपने–अपने राजनीतिक नजरिये से हो रही है। इसे लेकर लोगों के बीच दो तरह की साफ विचारधारा दिख रही है। बुलडोजर के गवर्नेंस मॉडल के विरोधियों का मकसद अल्पसंख्यवाद को बढ़ावा देना है तो इस गवर्नेंस मॉडल की समर्थक राजनीति इसे अपराध और अतिक्रमण विरोधी बनाने की कोशिश में है।

उत्तर प्रदेश में हालिया विधानसभा चुनाव में इसके विरोध को मुद्दा बनाने की कोशिश भी हुई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को बुलडोजर बाबा तक कहा गया। राज्य में बीजेपी विरोधी राजनीति का लक्ष्य इस बहाने से पार्टी को सत्ता से बाहर करना रहा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। इससे लगता है कि बुलडोजर के गवर्नेंस मॉडल को लोगों का समर्थन मिल रहा है। यह समर्थन ही है कि मध्य प्रदेश में भी इसी मॉडल को अपनाया जाने लगा है। आखिर इस मॉडल को समर्थन क्यों मिल रहा है, विरोधी राजनीतिक ताकतों को इस पर भी सोचना चाहिए। उत्तर प्रदेश में इस शासन मॉडल का इस्तेमाल पुलिस उन अपराधियों के खिलाफ खुलेआम करने लगी है, जो जघन्य अपराधों के बाद फरार हैं। अपराधियों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई जैसे ही शुरू हो रही है, वे खुद–ब–खुद पुलिस या अदालतों के समक्ष समर्पण कर रहे हैं। जनता चाहे किसी भी राजनीतिक विचारधारा की समर्थक हो, उसे शांति और समृद्धि चाहिए होती है। बुलडोजर के गवर्नेंस मॉडल के खौफ के जरिए अगर उसे राहत मिलती है तो उसके समर्थन में उसे आना ही है। यही वजह है कि मध्य प्रदेश में भी जब इस मॉडल को अजमाया गया तो उसे जनसमर्थन मिला।

### अष्टयोग-5079

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 1 | 6 | | 5 | |
| | 27 | 7 | 32 | | 34 | 2 |
| | 3 | 2 | | 5 | 7 | |
| | 37 | 6 | 33 | | 29 | 3 |
| | 5 | | | 1 | | 4 |
| 3 | 33 | 5 | 31 | 7 | 34 | |
| 1 | | 4 | | 2 | | 6 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5078 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 2 | 25 | 7 | 32 | 4 | 36 | 2 |
| 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 31 | 6 | 32 | 6 | 33 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 7 |
| 5 | 37 | 5 | 31 | 7 | 30 | 3 |
| 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### धर्म और नस्ल के आधार पर भेदभाव नहीं

**मोहन।** भारतीय संविधान जाति, धर्म और नस्ल के आधार पर भेदभाव नहीं करता। अव्वल तो इस आधार पर राजनीति भी नहीं होनी चाहिए। लेकिन यह दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि चाहे 1937 के चुनाव हों या बाद के दौर के, हर बार राजनीति ने जाति और धर्म के दायरे में अपना आधार तलाशे की कोशिश की। चूंकि भारत की शुरुआती राजनीतिक व्यवस्था की अगुआ कांग्रेस रही है, इसलिए इस संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए वही सबसे ज्यादा जिम्मेदार है। इसी का असर रहा कि पूरी राजनीति जाति और धर्म के सीमित दायरों में समाहित होती चली गई। इसीलिए जब जहांगीरपुरी का मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचता है तो वहां भी इसे हिंदू–मुसलमान के दायरे में बांटने की होती है।
बुलडोजर के गवर्नेंस मॉडल पर सवाल उठाते हुए जब कपिल सिब्बल सुप्रीम कोर्ट में कहते हैं कि बुलडोजर का इस्तेमाल सिर्फ मुसलमानों के खिलाफ हो रहा है तो एक बड़ा समुदाय इसे अल्पसंख्यकों के तुष्टिकरण के रूप में देखता है। हालांकि तथ्य इसके ठीक उलट है।






## कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 2 का 7वें दिन भी बॉक्स ऑफिस पर धमाल

एक तरफ जहां कंगना रनौत की फिल्म धाकड़ बॉक्स ऑफिस पर कमाई को तरस रही है, वहीं दूसरी ओर कार्तक आर्यन की भूल भुलैया 2 बंपर कमाई कर रही है। रिलीज के 6 दिनों के अंदर ही भूल भुलैया 2१ ने 83.25 करोड़ कमा लिए थे। 20 मई को रिलीज हुई इस फिल्म ने 7 दिन में 90 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। भूल भुलैया 2१ को अनीस बज्मी ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में कार्तिक आर्यन के अलावा कियारा आडवाणी, राजपाल यादव, तबू और संजय मिश्रा समेत कई और कलाकार हैं। 65 से 80 करोड़ के बजट में बनी भूल भुलैया 2 ने पहले ही हफ्ते में अपनी लागत वसूल ली है। बॉक्स ऑफिस इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, भूल भुलैया 2 ने वीकडेज में अच्छी कमाई की और बॉक्स ऑफिस पर पकड़ बनाए रखी। यही वजह रही कि फिल्म ने सातवें दिन यानी पहले गुरुवार (26 मई) को 7.25 करोड़ कमाए। फिल्म ने हर सर्किट से बेहतर कमाई की है।

## पायल रोहतगी और संग्राम सिंह की होने जा रही है शादी

लॉक अप फेम पायल रोहतगी और संग्राम सिंह की शादी की डेट का फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। पहले जुलाई में होने की ही बात कंफर्म थी लेकिन तारीख का कुछ अता–पता नहीं था। संग्राम सिंह ने कुछ दिन पहले इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था, जिसमें वह और पायल नजर आ रहे थे। और इसके जरिए उन्होंने ये जिक्र किया था इस साल जुलाई में शादी कर लेंगे। पहले ये तारीख 21 जुलाई बताई जा रही थी। लेकिन अब ये शादी 9 जुलाई को सम्पन्न होगी। संगाम ने बताया कि वह दोनों ही इस शादी को लेकर बहुत नर्वस हैं। हम दोनों एक्साइटेड भी हैं और नर्वस भी। हम इतने लंबे समय से साथ हैं। शादी एक महत्वपूर्ण पहलू है हमारी लाइफ का और हम एक साथ एक नई जर्नी शुरू करते हुए खुश रहने की उम्मीद करते हैं। पायल और मैं 9 जुलाई को शादी करेंगे। मेरी मां और बहन ने तारीख तय करने में हमारी मदद की है। हम एक डेस्टिनेशन वेडिंग करेंगे, जो कि अहमदाबाद या उदयपुर होगा। इसमें कम लोग ही शामिल होंगे। संग्राम सिंह का कहना है कि वह अपने दोस्तों के लिए मुंबई में एक रिसेप्शन पार्टी होस्ट करेंगे। बता दें कि इन दोनों की मुलाकात, स्टार प्लस पर आने वाले रियलिटी शो सर्वाइवर इंडिया में मिले थे। 2011 में आए इस शो के दौरान ही इन्हें प्यार हो गया था।

## आर्यन खान को क्लीनचिट, ड्रग्स केस में एनसीबी को नहीं मिले कोई सबूत



मुंबई क्रूज ड्रग्स केस में शाहरुख खान और गौरी खान के बेटे आर्यन खान को बड़ी राहत मिली है। एनसीबी (नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो) ने ड्रग्स मामले में शुक्रवार को आर्यन खान को क्लीनचिट दे दी है। इस हाई प्रोफाइल ड्रग्स केस में 6 महीने बाद एनसीबी ने 6 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है, जिसमें 20 में से 14 आरोपियों के खिलाफ NDPS Act की अलग–अलग धाराओं में केस दर्ज किया गया है। आर्यन खान समेत बाकी के 6 आरोपियों को सबूत नहीं मिलने के अभाव में क्लीनचिट दे दी गई है। दिलचस्प है कि आर्यन खान के दोस्त अरबाज मर्चेंट को एनसीबी ने दोषी माना है और उनके खिलाफ केस भी दर्ज किया गया है। अरबाज ही वह शख्स थे, जिनके साथ आर्यन उस रात क्रूज पर गए थे। एनसीबी को अरबाज के पास से ही बेहद कम मात्रा में ड्रग्स का पैकेट मिला था। ड्रग्स केस में आर्यन खान समेत 8 लोगों को 2 अक्टूबर 2021 को मुंबई से गोवा जा रही ब्वतकमसपं ब्तनपेम शिप से पकड़ा गया था। इसके अगले दिन यानी 3 अक्टूबर को एनसीबी ने आर्यन खान और उनके दोस्त अरबाज मर्चेंट के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में आर्यन खान को करीब 28 दिन तक आर्थर रोड जेल में भी रहना पड़ा था।

# ठंड के मारे जम गई थीं माधुरी, टीम ने ऐसे बचाई थी जान

*बॉलिवुड में एक ऐसा दौर था, जब ज्यादातर गानों की शूटिंग किसी ठंडे इलाके में होती थी। वहां पर शूटिंग करना, ऐक्ट्रेसेस के लिए किसी टॉर्चर से कम नहीं होता था। क्योंकि ऐक्टर्स को तो कोट–पैंट, स्वेटर–जैकेट सब पहना दिया जाता था, ताकि उन्हें सर्दी न लगे, लेकिन ऐक्ट्रेसेस पतली सी शिफॉन साड़ी में ठिठुरती–कांपती जैसे–तैसे कर सीन शूट करती थीं। उस समय ये चलन बहुत कॉमन था। कुछ ऐसी ही स्थिति से माधुरी दीक्षित भी गुजरी थीं। लेकिन उनके साथ एक हादसा होते–होते बचा था। ठंड की वजह से उनके होंठ जमकर नीले पड़ गए और टीम को आनन–फानन में डॉक्टर को बुलाना पड़ गया था।*

**ठंड से जम गए थे होंठ, बुलाना पड़ा डॉक्टर**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, माधुरी दीक्षित ने पतली सी साड़ी पहनी थी। शूटिंग दोपहर में शुरू हुई थी, लेकिन देखते ही देखते शाम होने लगी और ठंड बढ़ गई। कोरियोग्राफर फराह खान ने गानें के बोल से लिपसिंक करने को कहा तो माधुरी ऐसा नहीं कर पाईं, क्योंकि सर्दी की वजह से उनके होंठ हिल ही नहीं पा रहे थे। वो पूरी तरह से जम गई थीं। ऐसे में टीम ने तुरंत डॉक्टर को बुलाया। उन्होंने तुरंत पैकअप करने को कहा और बताया कि उनके होंठ ठंड की वजह से नीले पड़ गए थे।

**अगले दिन इस तरह से पूरी की शूटिंग**

हालांकि, अगले दिन माधुरी को थोड़ा आराम मिला और उन्होंने फिर से शूटिंग शुरू की। लेकिन इस बार पूरी टीम ने उनका खास ख्याल रखा। लोकेशन पर हीटर लगाए गए थे। उन्हें गर्मी मिलती रहे, इसलिए उनके आसपास लोग चादर लेकर खड़े थे। माधुरी ने पतली सी साड़ी पहनकर फटाफट शूटिंग खत्म की थी।



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



**कोयला की शूटिंग में भी हुआ था बुरा हाल**

इससे ठीक 3 साल पहले माधुरी दीक्षित और शाहरुख खान की कोयला मूवी आई थी। ये फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा पाई थी, लेकिन इसके गानें लोगों की जुबां पर छा गए थे। इस फिल्म का एक सॉन्ग श्देखा तुझे तो हो गई दीवानी की शूटिंग भी पहाड़ों में हुई थी। वहां शाहरुख ने तो लंबे कोट पहनकर खुद को ठंड से बचा लिया था, लेकिन माधुरी का लहंगा–चोली में बुरा हाल हो गया था।

**कोयला में शाहरुख संग भी हुआ था हादसा**

ऐसा नहीं था कि सिर्फ ऐक्ट्रेसेस के साथ शूटिंग के दौरान ऐसा कुछ होता था। ऐक्टर्स को भी कई बार ऐसे सीन करने पड़ते थे, जहां उनकी जान पर बन आती थी। श्कोयलाश फिल्म के दौरान शाहरुख के साथ कुछ ऐसा ही हुआ था। एक सीन था, जिसमें एक हेलिकॉप्टर शाहरुख का पीछा कर रहा होता है। शॉट ये था कि हेलिकॉप्टर को शाहरुख के पास से गुजरना था और उन्हें कलाबाजी खानी थी। लेकिन इसी दौरान हेलिकॉप्टर उनके काफी करीब आ गया था और शाहरुख जमीन पर गिर गए थे। गनीमत ये रही कि उन्हें ज्यादा चोट नहीं लगी थी।

# मुझे कई बार शर्म आती है, मैं देश की भाषाओं को नहीं समझ पाता

*बॉलिवुड और साउथ में हिंदी भाषा को लेकर कुछ दिन पहले मामला गर्माया हुआ था। अजय देवगन और किच्चा सुदीप से शुरू हुए इस विवाद ने काफी तूल पकड़ लिया था। जिसके बाद इसमें पीएम नरेंद्र मोदी को भी बीच में बोलना पड़ा था। अब डायरेक्टर प्रकाश झा ने भी इस मुद्दे पर टिप्पणी की है। अपकमिंग वेब सीरीज आश्रम 3 के प्रमोशनल इवेंट के दौरान उन्होंने हिंदी समते अन्य भारतीय भाषाओं के बारे में अपने विचार रखे हैं। कहा है कि उन्हें कई बार तो शरम आती है कि वह अपने ही देश की भाषाओं को समझ नहीं पाते हैं।*



प्रकाश झा ने कहा, हर भाषा अपना महत्व रखती है। और हिंदी हमारे देश में लगभग हर जगह बोली और समझी जाती है। यह एक आम परिचालन की भाषा है। तो उसका अपना स्थान है उसी वजह से। लेकिन हमें बाकी जितनी भी भाषाएं हैं देश में, सब इतनी सम्पुष्ट हैं, गंभीर हैं और सबमें इतना साहित्य है कि हम किसी को नकार नहीं सकते। चाहे वह पंजाबी हो, तमिल हो, तेलुगू हो, मराठी हो, मलायलम हो, बंगाली हो, गुजराती हो जितनी भी भाषाएं हैं हमारे यहां, उन सभी का अपना मान है। अपना मोल है। और हमें सबको मानना चाहिए। मुझे तो कई बार शरम आती है कि मैं अपने ही देश की भाषाओं को नहीं समझ पाता हूं, नहीं बोल पाता हूं कुछ भाषाओं को। मेरा प्रयास रहता है कि मैं जहां जाऊं वहां से कुछ सीखकर आऊं। कोशिश रहती है, तो इस सुंदर से देश में जहां इतने सारे सुंदर भाषाएं हैं, भोजन हैं, संस्कृति है, परिवेश है, सबका मान है। तभी तो मिलकर हम कहते हैं कि देश हमारा है। गुलदस्ता है।

**यहां से शुरू हुआ था हिंदी भाषा विवाद**

बता दें कि ऐक्टर किच्चा सुदीप ने कहा था कि हिंदी अब एक राष्ट्रभाषा नहीं रह गई है। इस पर अजय देवगन ने ट्वीट किया था, किच्चा सुदीप मेरे भाई, आपके अनुसार अगर हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा नहीं है तो आप अपनी मातृभाषा की फिल्मों को हिंदी में डब करके क्यूं रिलीज करते हैं? हिंदी हमारी मातृभाषा और राष्ट्रीय भाषा थी, है और हमेशा रहेगी। जन गण मन। इसके बाद सुदीप ने दोबारा रिऐक्ट किया और बताया कि मैंने अपनी बात को किसी दूसरे संदर्भ में कहा था। इसी के बाद सोनू सूद, सोनू निगम जैसे चर्चित कलाकारों ने अपनी बात भी रखी थी।

# इस छोटे पौधे में हैं कैंसर–डायबिटीज से एक साथ लड़ने की ताकत



**इम्यूनिटी सिस्टम को बनाता है मजबूत**

यह एक ऐसी पावरफुल जड़ी बूटी है, जो इम्तून सिस्टम को मजबूत बनाने का काम करती है। अगर आप बहुत जल्दी बीमार हो जाते हैं, तो आपको इसका इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। विभिन्न पोषक तत्वों से भरपूर यह पौधा कई तरह से फायदेमंद है।

*आयुर्वेद सदियों से अनगिनत बीमारियों के इलाज के लिए जाना जाता है। आयुर्वेद में ऐसी कई शक्तिशाली जड़ी–बूटियां और पेड़–पौधे हैं जिनमें विभिन्न तरह के औषधीय गुण पाए जाते हैं। यही वजह है कि नीम और तुलसी सहित विभिन्न आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों को कई दवाओं और रोगों में इस्तेमाल किया जाता है। ऐसी ही एक अनोखी जड़ी–बूटी है ब्राह्मी है। ब्राह्मी भी नीम–तुलसी की तरह औषधीय गुणों से भरपूर जड़ी बूटी है।*

केरल आयुर्वेद के अनुसार, ब्राह्मी सबसे शक्तिशाली प्राचीन आयुर्वेदिक जड़ी बूटी है, जिसका दिमाग तेज करने, मेमोरी बढ़ाने, यौन शक्ति बढ़ाने और स्वास्थ्य टॉनिक के रूप में उपयोग किया जाता है। यह तंत्रिका तंत्र को भी शांत करता है, खून को शुद्ध करता है त्वचा और बालों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है।

**याददाश्त को बढ़ाने में सहायक**

यह जड़ी बूटी याददाश्त को बढ़ाने में मदद करती है। इसका ब्रेन के हिप्पोकैम्पस हिस्से पर पॉजिटिव प्रभाव पड़ता है जो सोचने–समझने और याददाश्त के लिए जिम्मेदार होता है।

**तनाव और चिंता करती है कम**

ब्राह्मी तनाव और चिंता को कम करती है क्योंकि यह कोर्टिसोल के स्तर को कम करती है, जिसे स्ट्रेस हार्मोन के रूप में जाना जाता है। ब्राह्मी तनाव से जुड़े इस हार्मोन को कंट्रोल करती है।

**कैंसर से लड़ने में प्रभावी**

ब्राह्मी एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है जो स्वस्थ जीवन जीने के लिए आवश्यक है। एंटीऑक्सिडेंट फ्री रैडिकल सेल्स को को हटाने में मदद करते हैं जो आगे चलकर कैंसर कोशिकाओं में बदल सकते हैं।

**गठिया और सूजन का इलाज है ब्राह्मी**

ब्राह्मी गठिया और सूजन से निपटने का एक बेहतर उपाय है। यह गैस्ट्रिक अल्सर को शांत करने और एक इर्रिटेबल बाउल सिंड्रोम का इलाज करने में भी मदद करता है।

**ब्लड शुगर करती है कम**

ब्राह्मी डायबिटीज के रोगियों में ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने के लिए जानी जाती है और हाइपोग्लाइसीमिया के लक्षणों को सुधारने में मदद कर सकती है।



## इन 3 हिस्सों में हो रहा तेज दर्द तो समझ लें बढ़ गया कोलेस्ट्रॉल

कोलेस्ट्रॉल बढ़ना आजकल की सबसे बड़ी समस्या बन गया है। सुस्त जीवनशैली और खाने–पीने की खराब आदतें इसका सबसे बड़ा कारण हैं। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के अनुसार, दिल के रोगों की वजह से इस दुनिया में सबसे ज्यादा लोगों की मौत होती है। आपको पता होना चाहिए कि दिल से जुड़े रोगों का एक सबसे बड़ा कारण शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ना है। कोलेस्ट्रॉल क्या है? कोलेस्ट्रॉल एक मोमी पदार्थ है जो खून में पाया जाता है। कोलेस्ट्रॉल दो तरह का होता है अच्छा और खराब। खराब कोलेस्ट्रॉल बीमारियां पैदा करता है जबकि अच्छा कोलेस्ट्रॉल शरीर के लिए जरूरी है। अच्छा कोलेस्ट्रॉल स्वस्थ कोशिकाओं के निर्माण के लिए आवश्यक है। खून में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कितनी होनी चाहिए? ऐसा माना जाता है कि 200 मिलीग्राम डीएल से कम कुल कोलेस्ट्रॉल का लेवल वयस्कों के लिए स्वस्थ है, जबकि कम से कम 240 मिलीग्राम डीएल की रीडिंग हाई यानी ज्यादा मानी जाती है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर आमतौर पर लक्षण नजर नहीं आते हैं। हालांकि इसके बढ़ने से शरीर में कुछ बदलाव आ सकते हैं, जो दर्द और परेशानी को बढ़ा सकते हैं।

## हीट को बीट करता है गुजरात का ये फेमस शरबत

गर्मी में बाहर के साथ अंदर से भी कूल रहना सेहत के लिए जरूरी होता है। बाहर की तपती गर्मी से बचने के लिए हम दिन भर ।ब के सामने बैठे रहते हैं। लेकिन शरीर के अंदर इस गर्मी के असर को कम करने के लिए कोई कारगर उपाय नहीं कर पाते हैं। नतीजतन खाना शरीर पर विपरीत प्रभाव डालने लगता है। ऐसे में पेट में गड़बड़ी होना स्वाभाविक हो जाता है। सौंफ इन सभी समस्याओं में रामबाण का काम करता है। इसमें कैल्शियम, सोडियम, आयरन और पोटैशियम जैसे तत्व पाए जाते हैं। इसलिए यह सेहत के लिए फायदेमंद होता है। सालों से खाने में मसाले के तौर पर सौंफ का इस्तेमाल किया जाताआ रहा है। कई लोग खाने के बाद इसे माउथ फ्रेशनर के रूप में खाते हैं। लेकिन बहुत ही कम लोग यह जानते हैं कि सौंफ में औषधीय गुण होता है। करीना कपूर की न्यूट्रिशनिस्ट रुजुता दिवाकर ने गर्मी में शरीर को अंदर से ठंडा–ठंडा कूल–कूल रखने के लिए सौंफ के शरबत को पीने की सलाह दी है। इसे पीने से एसीडिटी, सूजन, कब्ज, हॉट फ्लश जैसी परेशानियों में तुरंत राहत मिलती है।

## घर से निकलते समय दही–चीनी क्यों खाते हैं?



घर से निकलने से पहले दही चीनी से मुंह मीठा करना सालों से चली आ रही प्रथाओं में से एक है। अब तक आपने इसके पीछे का कारण सिर्फ यही सुना होगा की ऐसा करने से काम में सफलता मिलती है, कुछ अशुभ या अनहोनी नहीं होती है। लेकिन यह कितना सच है इसके कोई प्रमाण नहीं मिलते है। आपको जानकर हैरानी हो सकती है पर भारतीय संस्कृति की इस प्रथा का एक वैज्ञानिक आधार है। हालांकि घर के बूढ़े बुर्जगों को इसका सही कारण भले ही पता न हो लेकिन ये बात सच है कि इसका सेवन फायदेमंद होता है। दरअसल, दही को परिपूर्ण आहार कहा जाता है। क्योंकि दही के साथ खाया गया किसी भी प्रकार का भोजन सहजता से पच जाता है। वहीं, चीनी शरीर को तुरंत उर्जा प्रदान करने में सहायक होता है। ऐसे में जब आप दोनों को एक साथ मिलाकर इसका सेवन करते हैं तो फायदे दोगुने हो जाते हैं। शारीरिक और मानसिक सेहत के लिए फायदेमंद माने जाने वाले इस मिश्रण को आयुर्वेद में सुबह खाने की सलाह दी जाती है। आयुर्वेद के अनुसार, दही अपनी प्रकृति के कारण कफ–वर्धक के रूप में जाना जाता है। इसे शक्कर/चीनी के साथ मिलाकर गर्मियों में शरीर को ठंडा और शांत रखने के लिए खाने की सलाह दी जाती है।

# बच्चों में लड कैंसर के दिखते हैं ये लक्षण

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*ऐसी कई गंभीर बीमारियां है जो व्यस्क और बच्चों दोनों में देखने के लिए मिलती है। उनमें से एक है ल्यूकेमिया जिसे ब्लड कैंसर भी कहा जाता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान के अनुसार, यह 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में सबसे ज्यादा होने वाला कैंसर होता है। अमेरिका में 4000 बच्चे हर साल इस बीमारी के चपेट में आते हैं। वहीं, भारत में ये बीमारी 5 से 14 वर्ष के बीच के बच्चों में मृत्यु का नौवां सामान्य कारण है। लगभग 25,000 बच्चों में प्रतिवर्ष कैंसर का निदान किया जाता है।*


**क्या होता है ब्लड कैंसर**

ल्यूकेमिया शरीर के रक्त बनाने वाले ऊतकों में होने वाला कैंसर है, जिसमें बोनमेरो और लिम्फेटिक सिस्टम शामिल होते हैं। इसमें असमान्य तरह से ब्लड सेल्स बनने लगते हैं। जो शरीर के लिए जरूरी काम करने वाले अच्छे ब्लड सेल्स को काम नहीं करने देते हैं। इससे शरीर की संक्रमण और बीमारी से लड़ने की शक्ति कम हो जाती है। ल्यूकेमिया कई तरह के होते हैं। जिसमें से कुछ रूप बच्चों में अधिक आम हैं तो कुछ रूप ज्यादातर वयस्कों में होते हैं। बच्चों में ज्यादातर एक्यूट लिंफोब्लास्टिक ल्यूकेमिया ब्लड कैंसर होता है।

**क्यों होती है ये जानलेवा बीमारी**

अब तक ल्यूकेमिया होने के किसी भी सटीक कारणों को नहीं समझा जा सका हैं। लेकिन कुछ विशेषज्ञ ऐसा मानते हैं कि यह बीमारी आनुवंशिक और पर्यावरणीय कारकों के तालमेल से विकसित होती है।

**बच्चों में ऐसे दिखाई पड़ता है ल्यूकेमिया**





ये रोग शरीर में रेड ब्लड सेल्स की कमी के कारण होता है। इससे व्यक्ति को थकान,कमजोरी, चक्कर आना, सांस फूलना, सिर दर्द, त्वचा का पीला पड़ना, असामान्य रूप से ठंड लगने जैसे अनुभव होते हैं। ल्यूकेमिया से पीड़ित बच्चों में व्हाइट ब्लड सेल्स की मात्रा असमान्य रूप से बढ़ती है लेकिन प्रभावकारी ढंग से काम करना बंद कर देती हैं। जिससे शरीर किसी भी तरह के संक्रमण से लड़ नहीं पाता है। बच्चों के नाक या मसूड़ों से ब्लीडिंग होना ब्लड कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। ऐसा पीड़ित बच्चों में प्लेटलेट्स की मात्रा कम होने से होता है।

**बच्चे के वजन के साथ इन लक्षण पर भी रखें नजर**

बच्चों में लगातार ज्वाइंज पेन या हड्डियों में दर्द का होना ब्लड कैंसर का संकेत हो सकता है। ऐसा ज्वाइंट में या हड्डियों के पास असमान्य सेल्स बनने के वजह से होता है। ल्यूकेमिया से पीड़ित बच्चों में सूजन की समस्या होती है। ये सूजन चेहरे, हाथ–पैर में दिखने के अलावा गर्दन, अंडरआर्म्स, और कॉलरबोन पर गांठ के रूप में दिखाई पड़ता है। ल्यूकेमिया के सेल्स लीवर, किडनी और में सूजन पैदा कर देते हैं जिससे भूख न लगन, बेचौनी होना, वजन घटाने जैसे बदलाव दिखने लगते हैं।

**कैसे करें ब्लड कैंसर से अपने बच्चे का बचाव**

कुछ अन्य कैंसर के विपरीत, आहार और व्यायाम जैसे जीवनशैली कारक रक्त कैंसर के विकास के आपके जोखिम पर बहुत कम प्रभाव डालते हैं। हालांकि, एक स्वस्थ जीवन शैली आपके अन्य प्रकार के कैंसर और अन्य बीमारियों के जोखिम को काफी कम कर सकती है। साथ ही नियमित चेकअप भी इसके जोखिम को कम करने में फायदेमंद होता है।



युवा खिलाड़ियों ने किया प्रभावित

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान फॉफ डुप्लेसी ने कहा, 'हमारा स्कोर थोड़ा कम रह गया। नयी गेंद से खेलना चुनौती भरा था। हमें लगा कि 180 रन का स्कोर अच्छा होगा। लेकिन इतना स्कोर नहीं बना सके। युवा खिलाड़ियों ने प्रभावित किया।'

## आरसीबी को हराने के बाद संजू सैमसन गदगद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अहमदाबाद। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने शुक्रवार को आईपीएल के फाइनल में पहुंचने के बाद तेज गेंदबाजों और जोस बटलर (नाबाद 106 रन) की प्रशंसा की। राजस्थान रॉयल्स ने दूसरे क्वॉलिफायर में आरसीबी को सात विकेट से हराकर 29 मई को होने वाले फाइनल में जगह बनायी, जहां उसका सामना पदार्पण कर रही गुजरात टाइटंस से होगा। सैमसन ने मैच के बाद कहा, 'आईपीएल में हम उछाल भरी पिचों पर खेलने के आदी हो गए हैं। यह लंबा टूर्नामेंट है जिसमें उतार चढ़ाव चलता रहता है। विकेट से पहले तेज गेंदबाजों को काफी मदद मिल रही थी। उछाल अच्छा था।' उन्होंने कहा, 'लेकिन हमारे तेज गेंदबाजों ने वास्तव में काफी अच्छी गेंदबाजी की। बटलर की पारी पर उन्होंने कहा, 'हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हमारे पास जोस है।' बटलर को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया जिन्होंने चौथा शतक जड़ने के साथ सत्र में 800 रन भी पूरे किए। उन्होंने कहा, 'मैं इस सत्र में बहुत कम उम्मीदों के साथ आया था लेकिन काफी ऊर्जा से भरा था। फाइनल में पहुंचकर काफी रोमांचित हूं।'

# इतनी सारी गलतियां...विराट कोहली की बैटिंग से हैरान वीरेंद्र सहवाग

क्रिकेट

## अपने चिर परिचित रंग में नहीं है विराट कोहली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत के पूर्व धुरंधर बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि विराट कोहली अपने चिर परिचित रंग में नहीं हैं, जिसके लिये उन्हें जाना जाता है। सहवाग ने कहा कि एक आईपीएल सत्र में उन्होंने इतनी गलतियां कीं जितनी 14 वर्ष के अंतरराष्ट्रीय करियर में नहीं कीं। पिछले ढाई साल से शतक नहीं बना सके कोहली अपने सबसे खराब दौर से जूझ रहे हैं। उन्होंने आईपीएल 2022 में 16 मैचों में 22.73 की औसत से 341 रन बनाये, जिसमें दो अर्धशतक शामिल थे। अधिकांश मैचों में उन्होंने पारी का आगाज किया।

सहवाग ने क्रिकबज से कहा,'यह वह विराट कोहली नहीं है जिसे हम जानते हैं। इस सत्र में दूसरा ही विराट खेल रहा है वरना एक सत्र में इतनी गलतियां की जितनी उसने अपने पूरे करियर में नहीं की। जब रन नहीं बनते तो ऐसा होता है। आप रन बनाने के कई तरीके तलाशने लगते हो और उस चक्कर में विकेट गंवा देते हो। इस सत्र में कोहली के साथ भी ऐसा ही हुआ।' वीरेंद्र सहवाग ने हालांकि यह भी कहा कि भारत का यह नंबर वन बल्लेबाज अलग-अलग रणनीति अपनाने के चक्कर में आउट हुआ। दूसरे क्वालीफायर में कोहली तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद पर बल्ला अड़ाकर विकेट के पीछे कैच दे बैठे।



सहवाग ने कहा,'जब आपका फॉर्म खराब होता है तो आप हर गेंद को छेड़ने की कोशिश करते हैं। बल्लेबाज को लगता है कि गेंद को पीटकर आत्मविश्वास लौट आयेगा। विराट ने ट्रेंट बोल्ट के पहले ओवर में कई गेंद छोड़ी लेकिन फॉर्म खराब होने पर ऐसा होता है। आप ऑफ स्टम्प से बाहर जाती गेंदों को भी नहीं छोड़ते। ऐसे में किस्मत खराब हो तो पीछे लपके जाने की पूरी आशंका रहती है।'

सहवाग ने कहा कि कोहली ने अपने लाखों प्रशंसकों को निराश किया जो अपने सितारों से बड़े मंच पर बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं। उन्होंने कहा,'उसने सभी को निराश किया। हम अपेक्षा करते हैं कि बड़े मैच में बड़ा खिलाड़ी चलेगा। उसने अपने आपको नहीं बल्कि उसके और आरसीबी के लाखों प्रशंसकों को निराश किया।

# घर पर मां बीमार, बैंगलोर को घुटनों पर लाया बेटा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुबंई। राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे क्वॉलिफायर को 7 विकेट से जीतकर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को नॉकआउट कर दिया। इस मैच में जोस बटलर ने अपने शानदार शतक के लिए सभी का ध्यान आकर्षित किया। यह सीजन का उनका चौथा शतक रहा, जबकि उनके अलावा तेज गेंदबाज ओबेड मैकॉय (23/3) और प्रसिद्ध कृष्णा ने गेंद से कहर बरपाते हुए स्टार खिलाड़ियों से सजी बैंगलोर को घुटने पर ला दिया। दोनों गेंदबाजों ने मिलकर 6 विकेट झटके।

टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले मैकॉय ने मुश्किल परिस्थितियों में जबरदस्त प्रदर्शन किया। कैरेबियाई क्रिकेटर की मां बहुत बीमार हैं। वह मझधार में फंसे थे कि घर लौटें या आईपीएल खेलें। इस बीच इतने बड़े मुकाबले में मैच विनिंग प्रदर्शन करना वाकई में जिगरे वाली बात है। रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने मैकॉय की मां के बीमार होने की खबर का खुलासा किया।




उन्होंने कठिन समय में टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तेज गेंदबाज की सराहना की। उन्होंने कहा- मैकॉय की मां घर पर काफी बीमार हो गई हैं, लेकिन वह इसके बावजूद टीम के लिए योगदान दे रहे हैं। कुमार संगकारा जोस बटलर की प्रशंसा करना नहीं भूले, जिन्होंने 60 गेंदों में नाबाद 106 रनों की पारी खेलकर राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल के उद्घाटन संस्करण के बाद अब फाइनल में पहुंचाया।

श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि बटलर खेल में किसी भी समय तेजी लाने की क्षमता रखते हैं और गेंदबाजों से गलतियां करवाते हैं। उन्होंने कहा- जोस बटलर गेंदबाजों की स्पीड का इस्तेमाल करते हैं। अगर वह फॉर्म में हों तो किसी भी टीम के खिलाफ बड़ा स्कोर कर सकते हैं।

## पर्पल कैप होल्डर वानिंदु हसरंगा ने ही किया आरसीबी का बंटाधार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अहमदाबाद। क्वालिफायर-2 में हारकर रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर आईपीएल 2022 से बाहर हो गई है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इस मुकाबले में आरसीबी को 7 विकेट से हार मिली। फाफ डु प्लेसिस की टीम भले ही प्लेऑफ तक पहुंच गई, लेकिन शुरुआती 7 मैच के बाद टीम का प्रदर्शन लगातार नीचे की तरफ गया। मुंबई इंडियंस की दिल्ली कैपिटल्स पर जीत की वजह से बैंगलोर को प्लेऑफ का टिकट मिल पाया था। वानिंदु हसरंगा ने के पास अभी आईपीएल 2022 का पर्पल कैप है। उन्होंने 16 मैचों में 26 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया है। राजस्थान रॉयल्स के युजवेंद्र चहल के भी 26 विकेट हैं, लेकिन हसरंगा छक्के खाने के मामले में भी अव्वल हैं। इस सीजन में बल्लेबाजों ने हसरंगा के खिलाफ 30 छक्के लगाए हैं यानी उनकी गेंदबाजी पर हर मैच में लगभग दो छक्के लगे हैं। वह एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के देने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए हैं। युजवेंद्र चहल और देवदत्त पडिक्कल जैसे खिलाड़ियों को रिलीज करके रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने मोहम्मद सिराज को रिटेन करने का फैसला किया था।

## न्यूज डायरी :



### आरसीबी फैन ने हार के बाद बदली पार्टी, आरआर की जर्सी पहनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अहमदाबाद। आईपीएल 2022 के दूसरे क्वालिफायर में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का सफर समाप्त हो गया। राजस्थान रॉयल्स ने मुकाबले को 7 विकेट से जीतकर फाइनल में जगह बना ली। आरसीबी की टीम पिछले तीन सीजन से प्लेऑफ में पहुंच रही है, लेकिन एक बार भी फाइनल में नहीं पहुंच पाई। वहीं राजस्थान ने पहले सीजन के बाद पहली बार फाइनल में जगह पक्की की है। आईपीएल के दूसरे क्वालिफायर के लिए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के एक फैन ने पार्टी बदल ली। एक नन्हा फैन मुकाबले को देखने के लिए बैंगलोर की जर्सी में आया था, लेकिन मैच के बाद जब राजस्थान के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने उसे अपनी जर्सी दी तो उनसे बैंगलोर की जर्सी को उतार दिया और बोल्ट की जर्सी पहन ली। राजस्थान रॉयल्स ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। राजस्थान रॉयल्स ने दूसरे क्वालिफायर को आसानी से अपने नाम किया।

### आइपीएल को मिल सकता है नया चैंपियन, गुजरात क्यों है राजस्थान पर भारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2022 का कारवां अब अपने आखिरी मैच तक पहुंच गया है। 29 मई को वर्ल्ड के सबसे बड़े स्टेडियम, नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले इस फाइनल मुकाबले में पहली बार आइपीएल खेल रही गुजरात टाइटंस का सामना आइपीएल के पहले सीजन की विजेता टीम राजस्थान से होगा। आइपीएल 2022 के इस सीजन में गुजरात की टीम जिस तरह से खेली है उसको देखते हुए लगता है कि इस बार फैंस को नया चौंपियन मिलना लगभग तय है। गुजरात ने इस सीजन में पहले लीग स्टेज में 10 जीत दर्ज कर प्वाइंट्स टेबल में पहले नंबर पर खत्म किया और फिर क्वालीफायर में 188 के स्कोर को आखिरी ओवर तक चले मैच में सफलतापूर्वक चेज किया और फाइनल में जगह बनाई। आइपीएल के इस सीजन में राजस्थान के खिलाफ गुजरात का पलड़ा इसलिए भारी है क्योंकि गुजरात में बाकी टीमों की तुलना में मैच विनर्स अधिक हैं। गुजरात ने अब तक खेले गए मुकाबलों में से 8 में चेज करते हुए जीत हासिल की है और हर मुकाबले में टीम के लिए अलग-अलग मैच विनर्स टीम की तरफ से सामने आए हैं।

### फाइनल में पहुंचते ही राजस्थान ने कर दिया आरेंज कैप विजेता पक्का

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। क्वालीफायर 2 के मुकाबले में राजस्थान ने बैंगलोर को 7 विकेट से हराकर 14 साल बाद आइपीएल के फाइनल में जगह बना ली। 29 मई को आइपीएल के फाइनल में नई टीम गुजरात का मुकाबला राजस्थान से होगा। इस मैच के साथ ही आइपीएल 2022 के आरेंज कैप होल्डर का नाम तय हो गया। जोस बटलर ने आरसीबी के खिलाफ क्वालीफायर 2 के मैच में नाबाद 106 रन की शतकीय पारी खेलकर इस सीजन में अपने रनों की संख्या को 824 कर लिया। उन्होंने आइपीएल के इस सीजन में चार शतक लगाए हैं और इस तरह उन्होंने इस मामले में कोहली की बराबरी कर ली है। इस तरह से उन्होंने आइपीएल 2022 के आरेंज कैप पर भी कब्जा कर लिया। हालांकि अभी भी उनके पास अपने रनों की संख्या को बढ़ाने और डेविड वार्नर से आगे निकलने का मौका होगा।

### पंत अगर 100 टेस्ट खेलते हैं तो उनका नाम रिकार्ड बुक में क्यों हो जाएगा दर्ज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तूफानी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि अगर रिषभ पंत हमेशा का लिए अपना नाम रिकार्ड बुक में दर्ज कराना चाहते हैं तो उन्हें देश के लिए 100 टेस्ट मैच खेलने का प्रयास करना चाहिए। टेस्ट क्रिकेट में दो तिहरे शतक लगाने वाले देश के एकमात्र क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग उन 11 भारतीयों में शामिल हैं, जिन्होंने 100 से अधिक टेस्ट खेले हैं और 8500 से अधिक रन बनाए हैं। वहीं रिषभ पंत आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड व साउथ अफ्रीका में टेस्ट क्रिकेट में शतक लगाने वाले एकमात्र भारतीय विकेटकीपर हैं।

केरल के राज्यपाल मोहम्मद आरिफ खान से भेंट करते स्पीकर ऋतु खंडूड़ी भूषण।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने केरल के राज्यपाल से की भेंट

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने अपने केरल प्रवासीय दौरे के दौरान तिरुवनंतपुरम में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यपाल एवं विधानसभा अध्यक्ष के बीच केरल एवं उत्तराखंड राज्य में पर्यटन गतिविधियों एवं विकास योजनाओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा वार्ता हुई।

### आप पार्टी में लोगों के आने का सिलसिला जारी

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी की सदस्यता लेने वालों का सिलसिला लगातार प्रदेश में जारी है और आज आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश संगठन समन्वयक जोत सिंह बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष डिंपल सिंह, उमा सिसोदिया, सुधा पटवाल सुदेश सैनी और नासिर खान की उपस्थिति में दर्जनों लोगों ने आज आम आदमी पार्टी का दामन थामा। इस दौरान यहां मौजूद सभी प्रदेश के पदाधिकारियों ने कार्यालय में आए सभी लोगों को आम आदमी पार्टी की टोपी पर पटके पहनाकर आप पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई।

### होली एंजल स्कूल में इनवेस्टीचर सेरेमनी का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। होली एंजल स्कूल, रेशम माजरी के तत्वावधान में शनिवार को अलंकरण समारोह (इनवेस्टीचर सेरेमनी) का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कमलेश उपाध्याय एस.पी. ग्रामीण, गैस्ट ऑफ ऑनर डी.एस.पी. अंकुश शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि वाई.बी. थापा, कैप्टन हर्षमणि, लांसनायक राजपाल रावत, हवलदार बगीचा सिंह, (सेना मैडल प्राप्त), हवलदार सोबन सिंह कैन्तुरा, रामेश्वर लोधी, आशीष चमोली, मनीष वत्स, अनिल पल (प्रधान), रजनीश सैनी आदि ने कार्यक्रम में शिरकत की।

### भगवान श्री कृष्ण ने ईश्वर का साक्षात् दर्शन करने का सन्देश दिया

**संवाददाता** देहरादून। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा वाराणसी, उत्तर प्रदेश में 'श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कथा संस्थान द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक प्रकल्प बोध को समर्पित है। गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी (संस्थापक एवं संचालक, डीजेजेएस) की शिष्या भागवताचार्या महामनस्विनी विदुषी सुश्री आस्था भारती जी ने कथा के चतुर्थ दिवस जहाँ प्रभु की बाल लीलाओं से श्रद्धालुओं के मन को हर्षाया तो वहीं शाश्वत् भक्ति का मार्ग भी बतलाया।

# प्रदेश ही नहीं पूरे देश भर से कांग्रेस का हो चुका सफाया

**दावा**

■ स्वास्थ्य मंत्री ने किया चंपावत विधानसभा सीट पर होने जा रहे उपचुनाव को रिकॉर्ड वोटों से जीतने का दावा

■ भाजपा प्रदेश में अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड बनाएगी

**संवाददाता**

देहरादून। स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने चंपावत विधानसभा सीट पर होने जा रहे उपचुनाव को रिकॉर्ड वोटों से जीतने का दावा किया है। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश ही नहीं पूरे देश भर से कांग्रेस का सफाया हो चुका है।

चंपावत सीट पर चुनाव लड़ते हुए भाजपा प्रदेश में अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड बनाएगी। उन्होंने प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार सरकार द्वारा प्रयास किए जाने की बात कही। कहा कि अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी को पूरा कर दिया गया है। सरकार ने वर्ष वार एएनएम की भर्ती करने का निर्णय लिया है। साथ ही 2800 पदों पर नर्सों की भर्ती की जाने के साथ ही सरकार द्वारा सीएमओ को दो



हजार पदों पर वार्ड बॉय भर्ती करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत बीडी पांडे अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने महिला अस्पताल में नवनिर्मित प्राइवेट वार्ड का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि बीडी पांडे अस्पताल में जीर्णोद्धार कार्य के लिए करीब पौने तीन करोड़ रुपए सरकार द्वारा जारी किए गए हैं। जिसका कार्य तेजी से अस्पताल में किया जा रहा है।

अस्पताल में बनाए गए सात प्राइवेट वार्डों का मरीजों को बेहद लाभ मिलेगा। अस्पताल में मरीजों के लिए दवाइयों की कोई कमी नहीं है। चिकित्सकों की कमी को भी पूरा कर लिया गया है। सरकार ने हर वर्ष जरूरत के मुताबिक एएनएम भर्ती करने का निर्णय लिया है। साथ ही 2800 पदों पर स्टाफ नर्सों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की जानी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अस्पतालों में वार्ड बॉय की कमी को पूरा करने के लिए 2000 पदों पर नियुक्ति के आदेश सीएमओ को दिए हैं।

लैब टेक्नीशियन और एक्स–रे टेक्नीशियन को आउट सोर्स माध्यम से भर्ती करने के निर्देश संबंधित अस्पतालों को दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जो अब तक साढ़े पांच लाख से अधिक लोगों का मुफ्त इलाज करा चुका है। जिसमें राज्य सरकार का करीब साढ़े सात सौ करोड़ रुपए खर्च हो चुका है। 39 लाख लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। सरकार ने निर्णय लिया है कि अगले छह माह में प्रदेश के हर व्यक्ति का निशुल्क आयुष्मान कार्ड बना दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रदेश में सर्वाधिक वोटों के अंतर से जीत दर्ज करेंगे। इस दौरान विधायक सरिता आर्य, सीएमओ डॉ भागीरथी जोशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट, मनोज जोशी, भूपेंद्र बिष्ट, मोहित रौतेला, दया किशन पोखरिया, पीएमएस डॉ केएस धामी, शशि कला पांडे समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### हर युवा बुजुर्ग के जुबान पर मुख्यमंत्री की जीत का नारा

चंपावत सीट पर हो रहे उपचुनाव को लेकर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि रिकॉर्ड वोटों से वह चंपावत का चुनाव जीत रहे है। तीन दिन वह भी चुनाव प्रचार में गए थे। जिसमें देखा कि हर युवा बुजुर्ग के जुबान पर मुख्यमंत्री की जीत का नारा है।

# देहरादून अवैध बाजार पर चला प्रशासन का डंडा

**अतिक्रमण**

■ न केवल फुटपाथ खाली कराए, बल्कि जेसीबी से पक्के निर्माण भी तोड़े

**संवाददाता**

देहरादून। शहर में फुटपाथ और सड़क पर हुए अतिक्रमण पर नगर निगम व पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की। इस दौरान न केवल फुटपाथ खाली कराए, बल्कि जेसीबी से पक्के निर्माण भी तोड़े। निगम ने सहारनपुर रोड पर माजरा, सेवलाकलां एवं शिमला बाईपास पर कार्रवाई की। जिसमें दुकानों के बाहर बनाया गया छज्जा और फर्श आदि तोड़े गए। कार्रवाई के वक्त कुछ अतिक्रमणकारियों ने विरोध जताकर हंगामा भी किया, लेकिन पुलिस ने हंगामा करने वालों को खदेड़ दिया।

नगर आयुक्त मनुज गोयल के निर्देश पर नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने शहर में फुटपाथ खाली कराने और सामान जब्त करने की कार्रवाई की। निगम के कर अधीक्षक विनय प्रताप सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के साथ चलाए संयुक्त अभियान में दो दर्जन दुकानदारों के चालान काटे गए।

संयुक्त टीम ने माजरा व सेवलाकलां में एक दर्जन से अधिक पक्के अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त किया। नगर आयुक्त मनुज गोयल ने बताया कि अतिक्रमण करने वालों से 70 हजार रुपये जुर्माना भी वसूला गया।

दून वैली महानगर उद्योग व्यापार मंडल के युवा प्रकोष्ठ सचिव दिव्य सेठी ने बताया कि एक व्यापारी की सह पर विशेष जगह को चिह्नित कर अवैध बाजार लगाया जा रहा था। इसके एवज में कारोबार कर रहे व्यापारियों से प्रतिदिन के हिसाब से 1500 रुपये तक वसूले जाते थे। जिन दुकानदारों को यहां दुकान लगाने की अनुमति दी गई वह सभी बाहर से आए हुए हैं।

यहां कई बार चोरी की वारदात हो चुकी है और आए दिन बाजार में लड़ाई झगड़े, महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटना आम हो गई थी। पुलिस और नगर निगम को शिकायत करने के बाद बाजार बंद किया गया। उन्होंने कहा कि पलटन बाजार से अतिक्रमण हटाए जाने की भी मांग की गई है।

### पुलिस व नगर निगम ने हटवाईं अवैध दुकानें

पलटन बाजार में अवैध तौर पर लगाए जा रहे बाजार को पुलिस और नगर निगम की टीम ने हटा दिया है। व्यापारियों का आरोप है कि एक व्यापारी की सह पर अवैध तरीके से बाजार लगाया जा रहा था। जिससे आसपास वालों को परेशानी हो रही थी। अवैध तरीके से लगाए जा रहे बाजार में कई बार सामान तक चोरी होनी की शिकायत आ चुकी।

### एमबीबीएस द्वितीय वर्ष का छात्र छठी मंजिल से कूदा, मौत

**संवाददाता** ऋषिकेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत एक छात्र ने एम्स के कालेज बिल्डिंग की छठी मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक श्री गंगानगर राजस्थान निवासी रजत मुंद (19 वर्ष) पुत्र विजय कुमार एम्स ऋषिकेश में एमबीबीएस प्रथम वर्ष का छात्र था। शनिवार को उसका प्रैक्टिकल होना था। मगर वह प्रैक्टिकल में नहीं पहुंचा। प्रात करीब 10:30 बजे रजत मूंद ने कालेज बिल्डिंग की सबसे ऊपरी मंजिल से छलांग लगा दी और वह पक्के फर्श में जा गिरा। आसपास के नागरिकों तथा सुरक्षाकर्मियों ने उसे एम्स की इमरजेंसी में पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी एम्स शिवराम ने बताया कि युवक के स्वजन को इस संबंध में सूचना दे दी गई है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+

Scan This Code
Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।